https://www.mpboardonline.com

Roll No. ..................

**113**

# कक्षा 11 वीं परीक्षा, 2020-21

**[M-2901-C]**

# HINDI
# हिन्दी

[Total No. of Printed Pages: 08]
[Maximum Marks: 100]

[Total No. of Questions: 28]
[Time: 03 Hours]

निर्देश –

(i) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। सर्वप्रथम इन्हें हल करें। (1X5X5=25) अंक निर्धारित हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2–2 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है।

(iii) प्रश्न क्रमांक 16 से 20 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3–3 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 75 शब्द है।

(iv) प्रश्न क्रमांक 21 से 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4–4 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 120 शब्द है।

(v) प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 के लिए 5 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 250 शब्द है।

(vi) प्रश्न क्रमांक 28 के लिए (7+3)=10 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 350 शब्द है।



https://www.mpboardonline.com

प्र.1 सही विकल्प चुनकर लिखिए –

(i) मीराबाई की भाषा मूलतः थी –

(अ) बंगाली (ब) राजस्थानी

(स) अवधी (द) फारसी

(ii) पंडित अलोपीदीन ने मुंशी वंशीधर को पद पर नियुक्त किया था –

(अ) वकील के (ब) दरोगा के

(स) मैनेजर के (द) शिक्षक के

(iii) कुंई की खुदाई की जाती है –

(अ) कुल्हाडी से (ब) फावडा से

(स) बसौली से (द) छैनी–हथौडे से

(iv) 'ऑल इंडिया रेडियो' की स्थापना हुई थी –

(अ) सन् 1936 में (ब) सन् 1836 में

(स) सन् 1950 में (द) सन् 1970 में

(v) इनमें से महाकाव्य है –

(अ) पंचवटी (ब) रामचरित मानस

(स) सुदामाचरित (द) उपरोक्त सभी

प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –

(i) ..............................को प्रकृति का 'सुकुमार कवि' कहा जाता है। (प्रसाद / पंत)

(ii) बचपन से ...............................................कुशाग्र बुद्धि का था। (मोहन / धनराम)

(iii) लता जी की लोकप्रियता का मुख्य मर्म उनका ................है। (संगीत / गानपन)

(iv) रस के ..............................................................................अंग हैं। (चार / पाँच)

(v) माधुर्यता का शुद्ध शब्द .......................................................है। (मधुराई / माधुर्य)

प्र.3 सत्य / असत्य चुनकर लिखिए –

(i) कमीज न होने पर लोग अपने पैरों से पेट ढँक लेते हैं।

(ii) 'जामुन का पेड' कहानी विधा है।

(iii) वैदिक काल में संगीत के चार प्रकारों का उल्लेख है।

(iv) निरक्षर लोगों के लिए समाचार पत्र एक सशक्त माध्यम है।

(v) पूर्ण विराम का प्रयोग किसी कथन के पूर्ण होने पर किया जाता है।

प्र.4 सही जोडी बनाइए –

| | (क) | | (ख) |
|---|---|---|---|
| (i) | आओ मिलकर बचाएँ | (a) | द्वंद्व समास |
| (ii) | मेरी कहानी | (b) | निर्मला पुतुल |
| (iii) | रात–दिन | (c) | जवाहरलाल नेहरू |
| (iv) | वाक्यं रसात्मकं काव्यं | (d) | श्लेष |
| (v) | जिसका अर्थ चिपका हुआ हो | (e) | आचार्य विश्वनाथ |

प्र.5 एक शब्द / एक वाक्य में उत्तर दीजिए –

(i) आदिवासियों में क्या पीने की बुरी लत बढती जा रही है?

(ii) 'भारत माता' पाठ के लेखक का नाम लिखिए।

(iii) 'जो कम बोलता हो', उसे क्या कहते हैं?

(iv) 'मोहन को गर्म भैंस का दूध पिलाइए'। वाक्य शुद्ध कीजिए।

(v) 'पतन पाप पाखंड जले', पंक्ति में कौन सा अलंकार है।

प्र.6 कबीर ने अपने आपको दीवाना क्यों कहा है?

**अथवा**

लोग मीरा को बावरी क्यों कहते हैं?

प्र.7 कवि 'भवानी प्रसाद मिश्र' अपनी वास्तविक स्थिति को पिता से क्यों छिपाना चाहते हैं?

**अथवा**

'दरख्तों का साया' और 'धूप' क्रमशः किसके प्रतीक हैं?

प्र.8 मियाँ नसीरुद्दीन के खानदान का पेशा क्या था? उसने अपनी आजीविका के लिए कौन सा धंधा अपनाया था?

**अथवा**

लाहुल-स्पीति मे आवागमन की क्या कठिनाइयां है?

प्र.9 नेहरू जी भारत के सभी किसानो से कौन सा प्रश्न बार-बार करते थे?

**अथवा**

किसने 'देव दुर्लभ त्याग' कहा और क्यों?

प्र.10 'नादमय उच्चार' का क्या अर्थ है?

**अथवा**

प्राचीन चित्रकला के प्रमाण कहा मिलते है?

प्र.11 चेजारो कुंई की खुदाई के समय अपने सिर पर टोप क्यों धारण करते है?

**अथवा**

भारत के विभिन्न राज्यों के लोकनृत्यों मे क्या समानताएं हैं?

प्र.12 मौखिक संचार का क्या आशय है?

**अथवा**

डायरी लेखन क्या है?

प्र.13 पत्रकारिता क्या है?

**अथवा**

शब्दकोष क्या है?

प्र.14 निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए –

(i) ऑख में धूल झोंकना।

(ii) गुड़ गोबर करना।

**अथवा**

निम्न अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए–

(i) हिल्लोल जरूर पैदा करते हैं शिरीष के फूल मेरे मानस में।

(ii) सुभद्रा कुमारी चौहान विद्वान महिला थीं।

https://www.mpboardonline.com

प्र 15 मुक्तक काव्य किसे कहते हैं?

**अथवा**

विरोधाभास अलंकार का उदाहरण लिखिए।

प्र 16 'कबीर की दृष्टि में ईश्वर एक है'। इसके समर्थन में उन्होंने क्या तर्क दिए हैं?

**अथवा**

कविता 'वे आँखें' के आधार पर महाजनों के चरित्र पर प्रकाश डालिए।

प्र.17 मियाँ नसीरुद्दीन की कौन सी बातें आपको अच्छी लगी? लिखिए।

**अथवा**

निम्नलिखित अंग्रेजी शब्दों के हिन्दी प्रयोग लिखिए-

डिप्टी सेक्रेटरी, मेंबर, एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट

प्र.18 शास्त्रीय संगीत तथा चित्रपट संगीत में क्या अंतर है?

**अथवा**

कुंई का मुंह छोटा क्यों रखा जाता है?

प्र.19 मुहावरा और लोकोक्ति में अंतर लिखिए। (कोई तीन)

**अथवा**

वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए -

(i) परिश्रम करने वाला

(ii) जिसे क्षमा न किया जा सके

(iii) भगवान शिव की भक्ति करने वाला

प्र.20 महाकाव्य की तीन विशेषताएं बताते हुए तीन महाकाव्यों के नाम लिखिए।

**अथवा**

कुन्डलियां छन्द को उदाहरण सहित समझाइए।

प्र.21 जनसंचार की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

स्ववृत्त (बायोडाटा) लेखन से आप क्या समझते हैं? स्ववृत्त में कौन कौन से बिंदुओं को शामिल किया जाता है? लिखिए।



https://www.mpboardonline.com

प्र.22 सुमित्रानंदन पंत अथवा भवानी प्रसाद मिश्र की काव्यगत विशेषताए निम्न बिंदुओं के आधार पर लिखिए–

(i) दो रचनाए

(ii) भावपक्ष–कलापक्ष

(iii) साहित्य में स्थान

प्र.23 मुंशी प्रेमचंद जी अथवा शेखर जोशी जी का साहित्यिक परिचय निम्न बिंदुओं के आधार पर दीजिए –

(i) दो रचनाएं

(ii) भाषा–शैली

(iii) साहित्य में स्थान

प्र.24 निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए –

बिका दिया घर द्वार,
महाजन ने न ब्याज की कौड़ी छोड़ी,
रह–रह आंखों में चुभती वह,
कुर्क हुई बरधों की जोड़ी!
उजरी उसके सिवा किसे कब
पास दुहाने आने देती?
अह, आँखों में नाचा करती,
उजड़ गई जो सुख की खेती!

**अथवा**

कहाँ तो तय था चिरागाँ हरेक घर के लिए,
कहाँ चिराग मयस्सर नहीं शहर के लिए।
यहाँ दरख्तों के साये में धूप लगती है,
चलो यहां से चलें और उम्र भर के लिए।

प्र.25 निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए– (4)

अगर कालिदास यहां आकर कहें कि 'अपने बहुत से सुंदर गुणों से सुहानी लगने वाली, स्त्रियों का जी खिलानेवाली, पेड़ों की टहनियों और बेलों की सच्ची सखी तथा सभी जीवों का प्राण बनी हुई वर्षा ऋतु आपके मन की सब साधें पूरी करें' तो शायद स्पीति के नर–नारी यही पूछेंगे कि यह देवता कौन है? कहाँ रहता है? यहाँ क्यों नहीं आता?

**अथवा**

अकसर जब मैं एक जलसे से दूसरे जलसे में जाता होता, और इस तरह चक्कर काटता रहता होता था, तो इन जलसों में मैं अपने सुनने वालों से अपने इस हिंदुस्तान या भारत की चर्चा करता। भारत एक संस्कृत शब्द है और इस जाति के परंपरागत संस्थापक के नाम से निकला हुआ है। मैं शहरों में ऐसा बहुत कम करता, क्योंकि वहाँ के सुनने वाले कुछ ज्यादा सयाने थे और उन्हें दूसरे ही किस्म की गिज़ा की ज़रूरत थी।

प्र.26 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (5)

उदारता का अभिप्राय केवल निःसंकोच भाव से किसी को धन दे डालना ही नहीं, दूसरों के प्रति उदार भाव रखना भी है। उदार पुरुष सदा दूसरे के विचारों का आदर करता है। समाज में सेवक भाव से रहता है। यह न समझो कि केवल धन से उदारता हो सकती है, उदारता इस बात में है कि मनुष्य को मनुष्य समझा जाए। धन की उदारता के साथ एक और उदारता की आवश्यकता है। वह है उपकृत से किसी प्रकार का अहसान न जताया जाए। अहसान दिखाना उपकृत को नीचा दिखाना है। अहसान जताकर उपकार करना अनुपकार है।

प्रश्न –

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) उदार पुरुष की क्या विशेषता है?

(iii) सच्ची उदारता किसमें है?

(iv) अनुपकार क्या है?

(v) विरुद्धार्थी शब्द लिखिए – उदार, सच्चा

प्र.27 परीक्षा अवधि में लाऊड स्पीकरों (ध्वनि विस्तारक यंत्रों) के बजाने पर प्रतिबंध लगाने का निवेदन करते हुए जिलाधिकारी को पत्र लिखिए।

**अथवा**

वाद–विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर मित्र को बधाई पत्र लिखिए।

प्र.28 (अ) निम्नलिखित विषयो में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए–

(i) इंटरनेट : आज की आवश्यकता

(ii) साहित्य और समाज

(iii) विज्ञान और मानव

(iv) विद्यार्थी जीवन में अनुशासन

(v) कोविड–19 एक समस्या

(vi) पर्यावरण प्रदूषण और रोकथाम

(ब) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिए–

(i) पुस्तकालय का महत्त्व

(ii) जीवन की अविस्मरणीय घटना

(iii) स्वच्छ भारत अभियान

(iv) स्वतंत्रता दिवस

(v) नवीन शिक्षा पद्धति

---